
# उन्नति 2024

**[स्रोत: पी.आई.बी.](#)**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **उत्तर-पूर्व क्षेत्र के राज्यों** में उद्योगों के विकास और रोज़गार सृजन के लिये **उत्तर-पूर्व परिवर्तनकारी औद्योगीकरण योजना (Uttar Purva Transformative Industrialization Scheme- UNNATI), 2024** को मंज़ूरी दी।

## उन्नति 2024 क्या है?

- **उद्देश्य:**
  - इसका उद्देश्य उत्तर-पूर्व क्षेत्र के राज्यों में **उद्योगों का विकास और रोज़गार सृजन** करना है।
  - यह सीमेंट और प्लास्टिक जैसे पर्यावरणीय रूप से हानिकारक क्षेत्रों को प्रतिबंधित करते हुए **निवेश को आकर्षित करने**, मौजूदा निवेशों का पोषण करने तथा **नवीकरणीय/अक्षय ऊर्जा** एवं **इलेक्ट्रिक वाहन** चार्जिंग स्टेशनों जैसे उद्योगों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - **योजना अवधि:** यह योजना अधिसूचना की तिथि से 8 वर्ष की प्रतिबद्ध देनदारियों के साथ 31.03.2034 तक प्रभावी रहेगी।
    - योजना की पूरी लागत रुपए **10,037 करोड़** जिसे प्रतिबद्ध देनदारियों के लिये दस वर्षों एवं अतिरिक्त आठ वर्षों में विभाजित किया गया है।
  - **उत्पादन की शुरुआत:** सभी पात्र औद्योगिक इकाइयों को पंजीकरण के अनुदान से 4 वर्ष के भीतर अपना उत्पादन या संचालन शुरू करना होगा।
  - **ज़ोन वर्गीकरण:** प्रोत्साहन के लिये ज़िलों को **ज़ोन A** (औद्योगिक रूप से उन्नत) तथा **ज़ोन B** (औद्योगिक रूप से पिछड़ा) में वर्गीकृत किया गया है।
  - **निधि आवंटन:** भाग A परिव्यय का 60% 8 पूर्वोत्तर राज्यों के लिये निर्धारित किया गया है और 40% फर्स्ट-इन-फर्स्ट-आउट (FIFO) आधार पर आवंटित किया गया है।
- **निवेशकों के लिये प्रोत्साहन:** यह योजना निवेशकों को नई इकाइयाँ स्थापित करने अथवा वर्तमान इकाइयों का विस्तार करने हेतु **GST** प्रयोज्यता के आधार पर वर्गीकृत विभिन्न प्रोत्साहन प्रदान करती है, **जैसे:**
  - **पूंजी निवेश प्रोत्साहन**
  - **केंद्रीय पूंजी ब्याज अनुदान**
  - GST के शुद्ध भुगतान से जुड़ी नई इकाइयों के लिये विनिर्माण एवं सेवा से जुड़े प्रोत्साहन (MSLI), ज़ोन के आधार पर ऊपरी सीमा के साथ।
- **कार्यान्वयन रणनीति:** **उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग** राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय समितियों की देखरेख में राज्यों के सहयोग से योजना को लागू करेगा।




## उत्तर-पूर्व क्षेत्र के राज्यों से संबंधित अन्य सरकारी पहल क्या हैं?

- उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिये प्रधानमंत्री विकास पहल योजना: केंद्रीय बजट सत्र 2022-2023 में शुरू की गई और अक्तूबर 2022 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित, पीएम-डिवाइन (PM-DevINE) का लक्ष्य पूर्वोत्तर क्षेत्र (NER) में बुनियादी ढाँचे तथा सामाजिक विकास परियोजनाओं को वित्त पोषित करना है।)
- **एडवांसिंग नॉर्थ ईस्ट पोर्टल:** यह NEC द्वारा **नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (NEDFi)** के माध्यम से विकसित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म और वेब-आधारित पहल है जो NER के युवाओं के लिये बहुत ज़रूरी ज्ञान तथा मार्गदर्शन प्रदान करता है।
- **उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना**: NESIDS **100% केंद्रीय वित्त पोषण** के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे सत्र 2022-23 से 2025-26 के लिये 8139.50 करोड़ रुपए का नवीनीकृत अनुमोदित परिव्यय प्राप्त होता है।
  - इस योजना में दो घटक शामिल हैं: **NESIDS-रोड और NESIDS-अदर दैन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर (OTRI)।**
- RCS-UDAN (उड़ान को और अधिक किफायती बनाने के लिये) के तहत उत्तर पूर्व को प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में रखा गया है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. उत्तर-पूर्वी भारत में उपप्लवियों की सीमा के आरपार आवाज़ाही, सीमा की पुलिसिंग के सामने अनेक सुरक्षा चुनौतियों में से केवल एक है। भारत-म्याँमार सीमा के आरपार वर्तमान में आरंभ होने वाली विभिन्न चुनौतियों का परीक्षण कीजिये। साथ ही चुनौतियों का प्रतिरोध करने के कदमों पर भी चर्चा कीजिये। (2019)**

---